

# फ़ुल-डे किंडरगार्टन

## अभिभावकों के लिए प्रश्न और उत्तर की निर्देशिका

**फ़ुल-डे किंडरगार्टन आरम्भ करना आपके बच्चे और आपके लिए - एक रोमांचक नया कदम है। यह मार्गदर्शिका आपको फ़ुल-डे किंडरगार्टन के बारे में कुछ विवरण उपलब्ध कराएगी और यह कैसे काम करता है तथा आपके बच्चे की कैसे सहायता करेगा इसके बारे में आपके संभावित प्रश्नों का समाधान करेगी।**

## फ़ुल-डे किंडरगार्टन क्या है?

फ़ुल-डे किंडरगार्टन ओंटारियो के चार व पांच वर्ष की आयु वाले सभी बच्चों के लिए सार्वजनिक रूप से वित्तपोषित विद्यालयों में उपलब्ध है।

फ़ुल-डे किंडरगार्टन निम्न की पेशकश करता है:

- एक दो-वर्षीय कार्यक्रम जिसे बच्चे के विकास के सभी क्षेत्रों को बढ़ावा देने वाली सीखने की प्रक्रिया के लिए एक मजबूत नींव बनाने के लिए डिजाइन किया गया है।
- एक ऐसा परिवेश जो संबंधों, खेलकूद, खोजबीन और पूछताछ के माध्यम से सीखने की क्रिया में सहयोग देता है।
- विद्यालयी घंटों से पहले व बाद के कार्यक्रम जिन्हें नियमित विद्यालयी दिनों के पूरक के तौर पर डिजाइन किया गया है। ये वैकल्पिक हैं और अभिभावकों को किफ़ायती दरों पर पेश किए जाते हैं। पात्र परिवारों के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध हो सकती है। स्कूल बोर्ड विद्यालयी घंटों से पहले व बाद के कार्यक्रमों की पेशकश अभिभावकों की मांग पर करेगा।

## मेरे बच्चे को किस प्रकार लाभ मिलेगा?

आज की पेचीदा दुनिया में, हमारे बच्चों के लिए शिक्षा पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण बन चुकी है। फ़ुल-डे किंडरगार्टन आपके बच्चे को विद्यालय और जीवन में एक अधिक मजबूत शुरूआत देने के लिए डिजाइन किया गया है। यह शुरूआती लर्निंग और बाल विकास में सहयोग देने, एक अधिक मजबूत सार्वजनिक वित्तपोषित विद्यालय प्रणाली बनाने और ओंटारियो की दीर्घकालिक आर्थिक प्रतिस्पर्धी बढ़त में योगदान देने की ओंटारियो की योजना का एक हिस्सा है।

फ़ुल-डे किंडरगार्टन चार व पांच वर्ष की आयु के बच्चों के लिए वैकल्पिक है। हालांकि, शोध दर्शाते हैं कि फ़ुल-डे शुरूआती लर्निंग कार्यक्रमों - जैसे फ़ुल-डे किंडरगार्टन - में भाग लेने वाले बच्चों को विद्यालय और जीवन में एक अधिक मजबूत शुरूआत मिलती है।



ontario.ca/EDUparents

Ontario



फ़ुल-डे किंडरगार्टन में आपके बच्चे को ये लाभ मिलेंगे:

### *विद्यालय में एक अधिक मजबूत शुरूआत*

सभी बच्चे सीखने में सक्षम, सुयोग्य व तैयार होकर विद्यालय में प्रवेश करते हैं। जीवन की शुरूआत में पूरे दिन की लर्निंग से आपके बच्चे के पढ़ने, लिखने व गणित के कौशलों में सुधार आता है और उसे भविष्य की लर्निंग के लिए एक मजबूत नींव मिल जाती है। इससे ग्रेड 1 में जाना आप और आपके बच्चे, दोनों के लिए आसान बन जाता है।

विद्यालय में बच्चों के शुरूआती अनुभव बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। इन अनुभवों में बच्चे के पूरे जीवन के लिए उसके संपूर्ण स्वास्थ्य और कुशल-क्षेम को बेहतर बना देने का सामर्थ्य होता है। जब बच्चों को अपनेपन और संलग्नता का एहसास होता है तो वे सीखने के लिए प्रेरित होते हैं और विद्यालयी अनुभव का भाग बनने के लिए उत्सुक हो जाते हैं।

### *सहपाठियों के साथ संबंध बनाने का अधिक समय*

नियमित विद्यालयी दिनों के दौरान, आपके बच्चे को दूसरे बच्चों व शिक्षकों के साथ मेलजोल बढ़ाने में सक्षम होने से लाभ मिलेगा। इससे आपके बच्चे को वे सामाजिक और भावनात्मक कौशल विकसित करने में मदद मिलेगी जो विद्यालय में तथा उससे आगे, भविष्य की सफलता के लिए आवश्यक होते हैं। विद्यालयी घंटों से पहले व बाद के कार्यक्रमों में भाग लेने से आपके बच्चे को दूसरे बच्चों के साथ एक जानी-पहचानी जगह में और अधिक अनुभव मिलेंगे।

## मेरे बच्चे की लर्निंग में कौन सहयोग करेगा?

स्कूल दिवस के दौरान अध्यापक और बचपन की शुरूआत में शिक्षा देने वाले शिक्षक मिलकर आपके बच्चे को सीखने में मदद करेंगे। वहां एक ध्यानपूर्वक एवं सोच-विचार कर बनाया गया एक ऐसा खेल-आधारित कार्यक्रम लागू किया जाएगा जो चुनौतीपूर्ण हो एवं हर बच्चे के विकास के स्तर के लिए अनुकूलित हो। वहां पूरे दिन के दौरान होने वाली लर्निंग को चुनौती तथा विस्तार देने के लिए आपके बच्चे के विचारों और रुचियों पर प्रतिक्रिया दी जाएगी।

अध्यापक और आरंभिक बाल्यकाल शिक्षक पूरे दिन के दौरान बच्चों के अलग-अलग समूहों के साथ अलग-अलग लर्निंग परिवेशों में कार्य कर सकते हैं। हालांकि, साथ मिलकर एक टीम के रूप में कार्य करके वे आपके बच्चे की लर्निंग और विकास में सहयोग देंगे। आपका बच्चा उन संपूरक कौशलों और अनभवों से लाभ उठाएगा जिन्हें बचपन की शुरूआत में शिक्षा देने वाले शिक्षक और अध्यापक कार्यक्रम के साथ शामिल करते हैं।

## नियमित विद्यालयी दिन के दौरान मेरा बच्चा क्या सीखेगा व करेगा?

आपका बच्चा युवा विद्यार्थियों के अन्वेषण, खोज तथा विकास में मदद करने के लिए तैयार की गई अनेक प्रकार के लर्निंग अवसरों में शामिल होगा।

शोध दर्शाते हैं कि छोटे बच्चों में खेल-आधारित और पूछताछ द्वारा हासिल लर्निंग के बीच मजबूत संबंध होता है, विशेष रूप से समस्याएं सुलझाने, भाषा व साक्षरता, गणित तथा सामाजिक, शारीरिक एवं भावनात्मक कौशलों के क्षेत्र में। इससे आपके बच्चे को रचनाशील ढंग से सोचने, खोजबीन करने, चीजों की पड़ताल करने और अपनी सीख दूसरों के साथ साझा करने में मदद मिलेगी।

फ़ुल-डे किंडरगार्टन कक्षाओं में अध्यापक एवं आरंभिक बाल्यकाल शिक्षक 2016 किंडरगार्टन कार्यक्रम दस्तावेज़ से मार्गदर्शन पाएंगे। इसे आपके बच्चे को विद्यालय में एवं संपूर्ण जीवन के दौरान सफलता के लिए एक अच्छी नींव प्रदान करने वाले सामाजिक, भावनात्मक, रचनाशील, बोधपरक और शारीरिक कौशल विकसित करने में मदद देने के लिए डिजाइन किया गया है।



## खेल के माध्यम से सीखने के उदाहरण

***खोजबीन और पड़ताल:***

बहुत से बच्चे छोटी-छोटी नावें बना कर वॉटर सेंटर ले आते हैं। हर बच्चा अपनी नाव पानी में डालता है और नाव में एक-एक करके सीपियां/शंख डालता जाता है। एक अन्य बच्चा छोटी-छोटी रेखाएं खींच-खींच कर गिनता जाता है कि कितनी सीपियां डाली जा चुकी हैं। शिक्षक बच्चों से पूछता है कि डूबने से पहले किस नाव में सबसे अधिक सीपियां थीं और बच्चे सोचें कि वह अन्य नावों से किस प्रकार अलग थी।

***रचनात्मक सोच:***

बच्चों का एक छोटा सा समूह, समूह के सबसे लंबे बच्चे की लंबाई के बराबर ऊंचाई वाला टॉवर बनाने की कोशिश करता है। गलतियों व बार-बार की कोशिशों से, वे खोजते हैं कि यदि वे टॉवर का आधार अधिक चौड़ा बनाएं तो टॉवर अधिक ऊंचा बनाया जा सकता है। वे अपने बनाए ढांचे का एक चित्र बनाते हैं और अपनी सोच दर्शाने के लिए शब्दों और संख्याओं का उपयोग करते हैं। उसी दिन बाद में वे साथ मिलकर एक क्लास मीटिंग में दूसरे बच्चों और शिक्षकों के साथ अपना कार्य साझा करते हैं और इस बारे में चर्चा करते हैं कि आगे वे क्या करना चाहते हैं।

***अवलोकन करना और सीखना:***

रीसायकिल किए गए सामान से चिड़ियों के फ़ीडर बनाने के बाद, बच्चे उनमें दाने भरते हैं और अपनी क्लास की खिड़की के बाहर वाले पेड़ पर रख देते हैं। वे हर फ़ीडर पर होने वाली गतिविधि को देखते हैं और जो उन्होंने देखा उसे लिखते हैं। अध्यापक और आरंभिक बाल्यकाल शिक्षकों के सहयोग के साथ, तथा अपने स्वयं के अवलोकनों के आधार पर, कुछ बच्चे फ़ीडरों में कुछ बदलाव करके उन्हें फिर से बाहर रख देते हैं और देखते हैं कि क्या अब चिड़ियों के लिए उन पर उतरना और आसान हो गया है या क्या उन्होंने इस बार ज्यादा बीज खाए।

## विद्यालय से पहले व बाद में मेरा बच्चा क्या सीखेगा व करेगा?

विद्यालयी वर्ष के दौरान, यदि बच्चों के अभिभावक पर्याप्त संख्या में रुचि दिखाएं तो, कुछ विद्यालय विद्यालय-पूर्व एवं विद्यालय-पश्चात कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। यह कार्यक्रम नियमित विद्यालयी दिन के दौरान होने वाली चीजों का पूरक होगा। एक आरंभिक बाल्यकाल शिक्षक की देखरेख में, विद्यार्थी विभिन्न प्रकार के कक्षा के अंदर के एवं बाहर खुली जगह के अनुभवों में भाग लेंगे। ये अनुभव बच्चों की रुचियों को ध्यान में रखते हुए तय किए जाएंगे।

जहां अभिभावकों की ओर से पर्याप्त मांग हो तथा विद्यालय बोर्ड के पास क्षमता हो वहां, कुछ विद्यालय बोर्ड इस कार्यक्रम को वर्ष के अन्य समयों तक विस्तारित कर सकते हैं जिसमें ग्रीष्मकाल और मार्च अवकाश शामिल हैं। वे ऐसे कार्यक्रम भी बना सकते हैं जो छः से 12 वर्ष के बच्चों के लिए उपलब्ध हों।

ये कार्यक्रम वैकल्पिक हैं और स्कूल बोर्ड द्वारा निर्धारित किफायती शुल्क पर इनकी पेशकश की जाती है। अधिक विवरण के लिए अपने स्थानीय प्रधानाचार्य या विद्यालय बोर्ड से पूछें। वित्तीय आवश्यकताओं के आधार पर कुछ परिवारों के लिए नगरपालिका के माध्यम से आर्थिक सहायता उपलब्ध हो सकती है।



## मैं कैसे शामिल हो सकता हूँ?

आपके बच्चे की लर्निंग में आपकी संलग्नता उसकी शिक्षा के हर चरण में महत्वपूर्ण है। यहां कुछ सरल तरीके बताए जा रहे हैं जिससे आप फ़ुल-डे किंडरगार्टन का अधिकतम लाभ लेने में अपने बच्चे की मदद कर सकते हैं:

- अध्यापक और आरंभिक बाल्यकाल शिक्षक से बात करें और उनसे पूछें कि आप घर पर अपने बच्चे की लर्निंग में किस प्रकार सहयोग कर सकते हैं; उदाहरण के लिए, अपने बच्चे को कहानियां व कविताएं आदि सुना कर, अपने बच्चे के साथ खेल कर तथा उसके साथ घर के अंदर व बाहर के अनुभवों का आनंद लेना।
- विद्यालय और लर्निंग को पारिवारिक बातचीत का एक महत्वपूर्ण भाग बना कर अपने बच्चे की लर्निंग में रुचि दिखाएं। आप अपने बच्चे से यह भी पूछ सकते हैं कि उसने दिन भर में क्या सीखा। उदाहरण के लिए:
  - आज किंडरगार्टन में आपने किन चीज़ों का पता लगाया? इसे करने की सबसे अच्छी जगह क्या थी? क्या आपने कोई खोज की या आपको कोई समस्या हुई? m
  - आप अंदर थे या बाहर? चीजों की खोजबीन करने में मदद पाने के लिए आपने किन चीजों को खेलने के लिए इस्तेमाल किया?m
  - क्या आपके पास कोई योजना है जिस पर आप कल काम करना जारी रखेंगे? क्या घर में आपकी मदद के लिए हम कुछ कर सकते हैं?m
  - आज आपने कहां खोजबीन की/आज आप कहां खेले (उदाहरण के लिए: ब्लॉक, रेत और पानी वाली जगह, लाइब्रेरी या ड्रामेटिक, रचनात्मक खेल, बाहर)? आपने वहां क्या किया?m
  - आज आपकी क्लास में कुछ खास लोग आए थे। वे कौन थे? उन्होंने आपकी क्लास से किस बारे में बात की? वे अपने साथ क्या लाए थे?m
  - आपने अपनी क्लास में बुलेटिन बोर्ड पर जो पिक्चर चिपकाई थी मैंने उसे देखा। मुझे बताओ कि आपने उसे कैसे बनाया। आपने यह कैसे तय किया कि किस चीज का चित्र बनाना है? आपने किन-किन चीजों का इस्तेमाल किया?
- अपने बच्चे के विद्यालय आएं। सूचनाप्रद मीटिंग्स तथा अभिभावकों व परिवारों के लिए आयोजित अन्य कार्यक्रमों में भाग लें।
- घर व विद्यालय में अपने बच्चे के लर्निंग अनुभवों के बारे में अपने बच्चे के अध्यापक या आरंभिक बाल्यकाल शिक्षक से बात करें।

## क्या आपके कुछ और प्रश्न हैं?

अपने विद्यालय में फ़ुल-डे किंडरगार्टन के बारे में अधिक जानकारी के लिए **अपने विद्यालय के प्रधानाध्यापक** से पूछें।

फ़ ुल-डे किंडरगार्टन के बारे में अधिक जानकारी पाने और विद्यालयों की सूची देखने के लिए, **www.ontario.ca/kindergarten पर आएं**

अंग्रेज़ी व फ्रेंच में जानकारी के लिए ओंटारियो में **1-800-387-5514** पर टोल-फ़्री एवं ओंटारियो के बाहर से **(416) 325-2929** पर कॉल करें।

यह विवरणिका और कई भाषाओं में अधिक अभिभावक जानकारी पाएँ **ontario.ca/EDUparents**



ISBN 978-1 4606-1290-3 (PDF) (Hindi) © Queen's Printer for Ontario, 2016